FAX NO. : 16 Sep. 2014 2:49PM P1

संख्या 1093 / 1-6-2014-142(2) / 2013

प्रेषक

किशन सिंह अटोरिया,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

प्रमुख सचिव
माध्यमिक शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन ।

राजस्व अनुभाग-6

लखनऊ: दिनांक: 09 सितम्बर, 2014

विषय- जनपद सिद्धार्थनगर में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु राजस्व विभाग के स्वामित्व की 6 एकड़ भूमि माध्यमिक शिक्षा विभाग के माध्यम से केन्द्रीय विद्यालय संगठन को 90 वर्ष के पट्टे पर निःशुल्क दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर के पत्र संख्या 04(1)/डी0एल0आर0सी0/केन्द्रीय विद्यालय स्था0/2008-09/दिनांक 27 अप्रैल, 2011 एवं पत्र संख्या 497/डी0एल0आर0सी0/केन्द्रीय विद्यालय/2014-15, दिनांक 05 जून, 2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय, जनपद सिद्धार्थनगर में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु माध्यमिक शिक्षा विभाग के माध्यम से भारत सरकार के केन्द्रीय विद्यालय संगठन को राजस्व विभाग के स्वामित्व की ग्राम थरौली तप्पा-थरौली, परगना व तहसील-नौगढ़, सिद्धार्थनगर में अरोक मार्ग पर 350 फिट पूर्व से पश्चिम व 622 फिट उत्तर से दक्षिण स्थित नान जेड0ए0 की 6 एकड़ भूमि, जिसका विवरण निम्नवत है, 90 वर्ष के लिये पट्टे पर आवंटित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं:-

## भूमि का विवरण

| क्रमांक | जनपद / तहसील | राजस्व ग्राम | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (हे0) | कुल क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सिद्धार्थनगर / नौगढ़ | थरौली, तप्पा थरौली | गाटा संख्या 335 मि0 | 0.026 हे0 | रकबा 2.044 हे0 अर्थात 05 एकड़ |
| | | | गाटा संख्या 336 | 0.141 हे0 | |
| | | | गाटा संख्या 337 | 0.044 हे0 | |
| | | | गाटा संख्या 338 | 0.113 हे0 | |
| | | | गाटा संख्या 339 | 0.0137 हे0 | |
| | | | गाटा संख्या 340 | 0.158 हे0 | |
| | | | गाटा संख्या 341 | 0.063 हे0 | |
| | | | गाटा संख्या 342 मि0 | 0.080 हे0 | |
| | | | गाटा संख्या 343 मि0 | 0.030 हे0 | |
| | | | गाटा संख्या 344 | 0.122 हे0 | |
| | | | गाटा संख्या 346 | 0.146 हे0 | |
| | | | गाटा संख्या 346 मि0 | 0.011 हे0 | |

प्राचार्य/Principal
केन्द्रीय विद्यालय, सिद्धार्थनगर (उ0प्र0)
Kendriya Vidyalaya, Siddharthnagar (U.P.)

अपर आयुक्त प्रशासन एवं सतर्कता
Addl. Commissioner (Admn. & Vig.)
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Kendriya Vidyalaya Sangathan
नई दिल्ली-110016
New Delhi-110016

| | | |
|---|---|---|
| | गाटा संख्या 347 | 0.048 है0 |
| | गाटा संख्या 348 | 0.004 है0. |
| | गाटा संख्या 349 | 0.030 है0 |
| | गाटा संख्या 350 | 0.100 है0 |
| | गाटा संख्या 352 | 0.175 है0 |
| | गाटा संख्या 353 | 0.236 है0 |
| | गाटा संख्या 354 | 0.100 है0 |
| | गाटा संख्या 365 | 0.350 है0 |
| | गाटा संख्या 356 मि0 | 0.025 है0 |

(1) इस भूमि का उपयोग जनपद सिद्धार्थनगर में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु किया जायेगा। उक्त प्रयोजन समाप्त हो जाने पर भूमि पुनः राजस्व विभाग में निहित हो जायेगी।

(2) पट्टा प्रथमतः 30 वर्ष के लिये होगा जिसे 30-30 वर्ष के लिये नवीनीकृत करने का प्राविधान होगा। पट्टे की अधिकतम अवधि 90 वर्ष होगी।

(3) पट्टे पर दी जा रही भूमि का उपयोग हेतु जनपद सिद्धार्थनगर में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिये ही किया जायेगा। इससे भिन्न प्रयोजन हेतु भूमि का उपयोग किये जाने की दशा में शासन को पट्टा निरस्त करके भूमि को पुनः राजस्व विभाग में निहित करने का अधिकार होगा।

(4) केन्द्रीय विद्यालय संगठन को ऋण लेने के प्रयोजन से भूमि को किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/वित्तीय संस्था में बंधक रखने के पूर्व राजस्व विभाग की लिखित अनुमति प्राप्त करनी होगी।

(5) पट्टा-असंक्रमणीय होगा अर्थात केन्द्रीय विद्यालय संगठन को पट्टाशुदा भूमि को किसी व्यक्ति/संस्था/संगठन को अन्तरित करने का अधिकार नहीं होगा।

(6) पट्टा-विलेख को पंजीकृत कराया जायेगा और इस हेतु स्टाम्प शुल्क एवं पंजीकरण शुल्क केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा वहन किया जायेगा।

(7) उ0प्र0 राज्य की ओर से जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर द्वारा पट्टाविलेख निष्पादित किया जायेगा।

2- कृपया तदनुसार प्राथमिकता पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(किशन सिंह अटोरिया)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांक उपरोक्त,

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती।
उपायुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, का0हि0वि0परिसर, वाराणसी।
जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर
गार्ड फाईल

आज्ञा से
ह0
(डी0के0 सिंह)

प्रमाणित
प्राचार्य/Principal
केन्द्रीय विद्यालय, सिद्धार्थनगर (उ0प्र0)
Kendriya Vidyalaya, Siddharthnagar (U.P.)

अपर आयुक्त प्रशासन एवं सतर्कता
Addl. Commissioner (Admn. & Vig.)
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Kendriya Vidyalaya Sangathan
नई दिल्ली-110016
New Delhi-110016

जिलाधिकारी
सिद्धार्थनगर